Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to start flight services from Solapur, Maharashtra.

डॉ. जयसिधेश्वर शिवाचार्य स्वामीजी (शोलापुर): धन्यवाद अध्यक्ष जी । मेरे संसदीय क्षेत्र सोलापुर जिले के अंतर्गत 39 चीनी उत्पादन करने वाली मिलें हैं, जिसमें करीब 35 मिलें कार्यरत हैं । सोलापुर की चादर और टर्कीस टॉवेल जो सुप्रसिद्ध हैं । इनका निर्यात देश और विदेशों में किया जाता है । सोलापुर में एनटीपीसी और विश्व विद्यालय है तथा यह एक बड़े बाजार के रूप में देखा जाता है । सोलापुर में एनटीपीसी होने के अलावा यह एक स्मार्ट शहर के रूप में विकसित हो रहा है । सोलापुर शहर एक सुप्रसिद्ध तीर्थस्थल है । इसके अलावा पंढरपुर, मंगलवेढा, घाणगापुर, तुलजापुर, हैदरा, अक्कलकोट तथा कूडल इन सभी तीर्थस्थलों पर महाराष्ट्र राज्य के अलावा देश के अन्य राज्यों से भी लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं, लेकिन सोलापुर शहर में विमान सेवा उपलब्ध नहीं है, जिससे तीर्थ यात्री ही नहीं अपितु उद्योजक और विभिन्न क्षेत्र के लोगों को सोलापुर से आवागमन करने के लिए असुविधा हो रही है ।

अत: मैं आपके माध्यम से माननीय नागर विमानन मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र से देश के विभिन्न शहरों के लिए विमान योजनान्तर्गत हवाई सेवा जल्द से जल्द शुरू करें । मुझे आपने बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं साधुवाद देता हूं । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, प्लीज बैठें ।

…(व्यवधान)

श्री रवनीत सिंह : सर, … * …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, आसन पर कभी इस तरह की बात नहीं करनी चाहिए । आपको अपना विषय रखने का समय मैंने दिया है । यदि आप फिर मौका चाहेंगे, तो फिर आपको समय देंगे, लेकिन इस तरीके से कभी भी

आसन पर बात नहीं करेंगे । माननीय सदस्य, नो, प्लीज, मैं लिस्ट के बाद आपको मौका दूंगा ।